# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 30/09/2021

**मुख्यमंत्री सचिवालय**

**प्रेस विज्ञप्ति-500/2021**

**30 सितंबर 2021**

**मंत्रालय**

=========================

**★ मुख्यमंत्री ने गृह विभाग की योजनाओं की समीक्षा की**

==========================

**★ राज्य में मेडिसिनल प्लांट्स और लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा दें, अफीम  की अवैध खेती करने वालों को हतोत्साहित करें**

**-- श्री हेमंत सोरेन,  मुख्यमंत्री**

=========================

**रांची**

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने गृह विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में मेडिसिनल प्लांट्स और लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा दें,  अफीम और अन्य मादक पदार्थों की अवैध खेती करने वाले लोगों को हतोत्साहित करें । उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ जिलों में अफीम की खेती अवैध रूप से बड़े पैमाने पर हो रही है । यह  चिंता की बात है । पुलिस पदाधिकारी इसे रोकने की दिशा में आवश्यक और कठोर कदम उठाएं ।उन्होंने यह भी कहा कि वन भूमि पर भी मादक पदार्थों की खेती की बात सामने आ रही है । वन विभाग के अधिकारी  इसकी कड़ाई सेब मॉनिटरिंग कर अफीम की फसल को नष्ट करने की दिशा में कदम उठाएं ।

**निगरानी के लिए सैटेलाइट का सहारा लिया जाएगा**

पुलिस महानिदेशक श्री नीरज सिन्हा ने बताया कि राज्य के सुदूरवर्ती इलाकों में अफीम की खेती की निगरानी के लिए सेटेलाइट का भी सहारा लेने पर विचार किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक ने यह भी बताया कि पिछले 3 सालों में मादक पदार्थ/ एनडीसीएस के कुल 372 कांड सामने आए हैं इनमें 576 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

**लंबित और निष्पादित किए गए मामलों की जानकारी दी**

पुलिस महानिदेशक ने लंबित और निष्पादित किए गए आपराधिक मामलों, वारंट से जुड़े मामलों के निपटारे और स्पीडी ट्रायल से जुड़े कांडों की जानकारी दी । उन्होंने यह भी कहा कि आगामी पर्व त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं ।

इस समीक्षा बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, शिक्षा विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, विधि विभाग , महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की भी समीक्षा की गई ।

**###**

**=================**

**#Team PRD(CMO)**